>

Title: Need to provide financial assistance to farmers who lost their crops due to fire in Shahjahanpur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री मिथिलेश कुमार (शाहजहांपुर): सदन के माध्यम से मैं यह बताना चाहता हूं कि अभी हाल में पिछले 15 दिनों में मेरे संसदीय क्षेत्र में कई जगह खेतों में आग लग गई, जिससे लगभग 500 से 700 एकड़ की फसल नष्ट हो गई है। इसमें गरीब व मध्यम किसान आहत हुआ है। मैंने जाकर स्वयं देखा है, प्रशासन से भी बात की, प्रशासन द्वारा बताया गया है कि खलिहान में आग का बीमा कवर होता है, खेतों का नहीं। प्रदेश सरकार ने इतनी बड़ी आपदा में कोई मदद नहीं की। किसानों में हाहाकार मचा हुआ है।

अतः मेरी मांग है कि ऐसी गंभीर परिस्थितियों को देखते हुए प्रधानमंत्री जी उच्च स्तरीय संसदीय जांच समिति गठित करके जांच करायें और तत्काल किसानों को इस आपदा से हुए नुकसान से राहत दिलायें।